# कार्यालय, उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
# जिला स्तरीय चयन समिति
## (पंचायत शाखा)
**विज्ञापन संख्या–02/2021**

पंचायती राज विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1966 दिनांक 11.10.2021 एवं ग्रामीण विकास विभाग, (पंचायती राज) झारखण्ड की अधिसूचना संख्या 395 दिनांक 19.02.2021 के आलोक में 15वें वित्त आयोग अनुदान अन्तर्गत कोडरमा जिला के लिए पंचायतों में सेवा अनुबंध के लिए योग्य व्यक्तियों का पैनल तैयार करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्रं० | सेवा अनुबंध का नाम | पैनल शामिल करने हेतु कोटिवार व्यक्तियों की संख्या | | | | | कुल संख्या | मसिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | BC-I | BC-II | UR | | |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | कनीय अभियंता | 01 | 00 | 02 | 00 | 00 | 03 | 17000/–प्रतिमाह |
| 2. | लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | 04 | 03 | 02 | 11 | 22 | 10000/–प्रतिमाह |

<u>आरक्षण निति</u> :– दोनो सेवा अनुबंध के लिए पैनल निमार्ण में राज्य सरकार द्वारा निर्गत जिलावार आरक्षण निति लागू मानी जायेगी।

<u>उम्र सीमा</u> :– दोनो सेवा अनुबंध के पैनल निमार्ण में सम्मिलित होने के लिए अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी। उम्र सीमा की गणना दिनांक 01.01.2021 के आधार पर की जाएगी, परन्तु वैसे अभ्यर्थी जिन्हें ग्राम पंचायतों में 14वें वित्त आयोग से संबंधित कार्यों का अनुभव हो उन्हें अधिकतम उम्र सीमा में अधिकतम तीन वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

**शैक्षनिक योग्यता :–**

1. **कनीय अभियंता :–**

   (i) अनिवार्य योग्यता : मायन्ता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम में 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा अथवा समकक्ष। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत होगा।

   (ii) वांछनीय योग्यता : संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता।

2. **लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर :–**

   (i) अनिवार्य योग्यता : मायन्ता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी०कॉम/बी०एस०सी० (गणित/सांख्यिकी)/बी०ए० (गणित/सांख्यिकी) अथवा समकक्ष डिग्री। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक 45 प्रतिशत होगा।

   (ii) वांछनीय योग्यता एवं अनुभव– संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

2. **आवेदन समर्पित करने की प्रक्रिया:–**

   (i) आवेदक एक से अधिक पदो के लिए आवेदन समर्पित कर सकते है। प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र समर्पित करना होगा एवं पदवार अलग–अलग शुल्क जमा करना होगा।

   (ii) आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन, आवेदन शूल्क एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ बंद लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस को आवेदन हाथों–हाथ जिला पंचायत राज कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगे। अन्य माध्यम यथा–ई–मेल, पंजीकृत डाक, कुरियर से प्रेषित आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

(iii) आवेदक को आवेदन के साथ पद के अनुरूप शुल्क का भुगतान करना होगा, जो निम्नवत् होगा :–

| क्र0 | पद का नाम | शुल्क की राशि | कोटि |
|---|---|---|---|
| 1 | कनीय अभियंता | 500 | सामान्य |
| | | 300 | अ०जा०, अ०ज०जा० एवं महिला |
| 2 | लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 500 | सामान्य |
| | | 300 | अ०जा०, अ०ज०जा० एवं महिला |

(iv) आवेदन शूल्क **बैंक ड्राफ्ट** जो **जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कोडरमा** के पदनाम से **कोडरमा** में भुगतेय हो के माध्यम से देय होगा।

(v) आवेदन पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि **दिनांक 25.10.2021 अपराह्न 5:00 बजे** तक है। उक्त समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी विलम्ब के लिए चयन समिति जवाबदेह नहीं होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना ससमय आवेदन समर्पित कर दें।

(vi) प्राप्त आवेदन में से मूल्यांकन उपरान्त पैनल निर्माण उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा। मूल्यांकन की प्रकिया, चयन की प्रक्रिया एवं मेधा सूची ग्रामीण विकास विभाग, (पंचायती राज) झारखण्ड की अधिसूचना संख्या 395 दिनांक 19.02.2021 में दिये गये दिशा–निर्देशों एवं समय–समय पर पंचायती राज विभाग द्वारा निर्गत निर्देशों के आलोक में की जायेगी।

(vii) **उपर्युक्त कनीय अभियन्ता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदो के विरूद्व सेवा अनुबंध** ग्रामीण विकास विभाग, (पंचायती राज) झारखण्ड की अधिसूचना संख्या 395 दिनांक 19.02.2021 में दिये गये सेवा शर्तों के अधीन होगी, उक्त अधिसूचना वेबसाईट **koderma.nic.in** पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उपायुक्त
कोडरमा।

ज्ञापांक–...403.../पं०, दिनांक–...18.../...10.../2021

प्रतिलिपिः–1. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, कोडरमा को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त सूचना को सभी दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित की जाय

2. जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, कोडरमा को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त विज्ञापन एवं संलग्न अधिसूचना/पत्र तथा आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र को जिले के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित की जाय

18/10
उपायुक्त
कोडरमा

<u>आवेदन पत्र (ए– 4 साईज पेपर में मुद्रित)</u>

| |
|---|
| स्वअभिप्रमाणित फोटो चिपकाएँ जो तीन माह से अधिक पुरानी न हो। (बिना टोपी एवं चश्मे के दोनों कान स्पष्ट दिखने चाहिए) |

1. सेवा जिसके लिए आवेदन समर्पित किया जा रहा है :–

2. आवेदक का नाम :–
(हिन्दी एवं अंग्रेजी में)

3. पिता / पति का नाम :–

4. आरक्षण कोटि :–
(सक्षम स्तर से निर्गत स्थानीयता, जाति, आय एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रति संलग्न की जाय)

5. मैट्रिक / 10वीं के प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि :–

6. दिनांक 01.01.2021 को उम्र :–

7. पत्राचार का पता :–

8. स्थायी पता :–

9. राष्ट्रीयता :–

10. मोबाईल संख्या :–

11. ई–मेल :–

12. शैक्षणिक योग्यता :–

| परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण होने का वर्ष | परीक्षा के विषय | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित संलग्न की जाय)

13. अनुभव एवं नियोजनों का विवरणी यदि हो :

| पद का नाम | स्थायी / अस्थायी / संविदा / अन्य | पदग्रहण की तिथि | पदत्याग की तिथि | नियोजक का नाम एवं पूरा पता |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. उम्मीदवार का पहचान चिन्ह :–

15. आवेदन शुल्क भुगतान संबंधी विवरणी :–

16. आवेदन के साथ संलग्न अनुलग्नकों की सूची :–

17. मैं ............................................................घोषित करता / करती हूँ कि :–

(क) इस आवेदन में दिये गये सभी विवरणी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है।

(ख) मूल दस्तावेज / प्रमाण पत्र मांग करने पर प्रस्तुत करूँगा / करूँगी ।

(ग) यदि परीक्षा से पूर्व या पश्चात् किसी समय कोई सूचना गलत या असत्य पायी जाएगी तो मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध समुचित कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक :–

स्थान :– आवेदक का हस्ताक्षर

———